ii. if there is an error in a total corresponding to the addition or subtraction of subtotals, the subtotals shall prevail and the total shall be corrected; and

iii. if there is a discrepancy between words and figures, the amount in words shall prevail, unless the amount expressed in words is related to an arithmetic error, in which case the amount in figures shall prevail subject to (i) and (ii) above.

If the Bidder that submitted the lowest evaluated Bid does not accept the correction of errors, its Bid shall be disqualified and its Bid Security shall be forfeited or its Bid Securing Declaration shall be executed.

2. Procuring Entity's Right to Vary Quantities

(i) At the time of award of contract, the quantity of Goods, works or services originally specified in the Bidding Document may be increased or decreased by a specified percentage, but such increase or decrease shall not exceed twenty percent, of the quantity specified in the Bidding Document. It shall be without any change in the unit prices or other terms and conditions of the Bid and the conditions of contract.

(ii) If the Procuring Entity does not procure any subject matter of procurement or procures less than the quantity specified in the Bidding Document due to change in circumstances, the Bidder shall not be entitled for any claim or compensation except otherwise provided in the Conditions of Contract.

(ii) In cased of procurement of Goods or services, additional quantity may be procured by placing a repeat order on the rates and conditions of the original order. However, the additional quantity shall not be more than 25% of the value of Goods of the original contract and shall be within one month from the date of expiry of last supply. If the Supplier fails to do so, the Procuring Entity shall be free to arrange for the balance supply by limited Bidding or otherwise and the extra cost incurred shall be recovered from the Supplier.

3. Dividing quantities among more than one Bidder at the time of award (In case of procurement of Goods)

As a general rule all the quantities of the subject matter of procurement shall be procured from the bidder, whose bid is accepted. However, when it is considered that the quantity of the subject matter of procurement to be procured is very large and it may not be in the capacity of the Bidder, whose Bid is accepted, to deliver the entire quantity or when it is considered that the subject matter of procurement to be procured is of critical and vital nature, in such cases, the quantity may be divided between the Bidder, whose Bid is accepted and the second lowest Bidder or even more Bidders in that order, in a fair, transparent and equitable manner at the rates of the Bidder, whose Bid is accepted.

एनेक्सर-ई

जिस निविदादाता की निविदा स्वीकार की जावेगी उसे नियमानुसार 2.50 प्रतिशत कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा करते हुए लिखित अनुबंध करना होगा एवं निर्धारित अवधि के भीतर कंप्यूटर स्थापित करना होगा । अनुबंध की शर्तें निम्न प्रकार होंगी:-

1. **Machine Specification**

A. **Computer** – Intel core i3/equivalent AMD based Computer or higher speed Ram 2/4 GB or higher, Hard Disk 250 GB or higher, 15" Monitor/TFT or bigger 10/100/1000 mbps, LAN Card, CD-DVD Writer, Standard Key Board, Optical Mouse, Standard serial parallel & USB ports, Window 7 or higher, Anti Virus, Preinstalled MS Office, Responsibility of software license will be borne by the contractor.

B. **Printer** – Black and white laser printer with speed 15 ppm or more. For specific needs, dotmatrix/Inkjet printer may be taken in lieu of laser printer.

C. **U.P.S.** – Online/Offline UPS for above Computer and printer with 15 minutes battery backup.

2. **Manpower** – The personnel should be graduate, should have knowledge to operate computer in windows/Linus environment, good knowledge/practice in Word processor, Spread Sheets and Internet Operations and other office related computer operations and should have sufficient speed of typing in Hindi and in English.

3. स्थापित किये जाने वाले सभी उपकरण निविदा में वर्णित स्तर के अनुरूप होने चाहिए ।

4. उपकरण स्थापित करने के लिए स्थान एवं बिजली की फिटिंग की व्यवस्था संबंधित विभाग करेगा ।

5. निविदाकार को दिन प्रतिदिन कार्यालय समय अथवा कार्यालय समय के बाद आवश्यकतानुसार कंप्यूटर सेवायें जारी रखनी होगी । प्रिंटर में प्रयुक्त होने वाले कार्ट्रिज/उपभोग्य सामग्री प्रथम बार निविदादाता द्वारा दिया जायेगा, तत्पश्चात विभाग द्वारा वहन किया जायेगा ।

6. किसी भी माह में चार कार्य दिवस से अधिक कम्प्यूटर बंद नहीं रखा जायेगा । यह भी पूर्व में सूचना देकर ही किया जा सकेगा । इससे अधिक समय तक कंप्यूटर बंद रहने पर चाहे वह ऑपरेटर की गैर हाजिरी के कारण या किसी खराबी के कारण होता है तो देय राशि में से प्रतिदिन 200/- रूपये की कटौती की जाएगी ।

7. विशेष परिस्थितियों में सम्बंधित विभाग इस चार दिन की अवधि को बढ़ा सकता है जिसके लिए उसे लिखित में कारण अंकित करने होंगे एवं यदि वही इसी अवधि में कोई आवश्यक कार्य होगा तो वह निविदादाता को अन्यत्र स्वयं के खर्चे पर करवा कर देना होगा ।

8. कंप्यूटर सिस्टम को सही तरीके से कार्यरत स्थिति में संधारित रखने की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी । इसके लिए किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा । यदि मरम्मत आदि की आवश्यकता होती है तो लिखित में सूचना देकर उचित समय में मरम्मत करने की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी । यदि मरम्मत में अधिक समय लगने की सम्भावना होगी तो निविदादाता को तब तक अन्य उपकरण लगाने की व्यवस्था करनी होगी ।

9. यदि कंप्यूटर सिस्टम सम्बंधित विभाग की संतुष्टि के अनुसार कार्य नहीं करता है तो निविदादाता को लिखित में सूचना देकर ठीक कराने हेतु कहा जायेगा । निर्धारित अवधि में उसे ठीक नहीं कराने पर पंद्रह दिन का नोटिस देकर संविदा निरस्त की जा सकेगी ।

10. यदि उपकरणों की चोरी या किसी अन्य प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी सम्बंधित विभाग की नहीं होगी । अतः यदि निविदाकार चाहे तो उपकरणों का बीमा करवा सकता है ।

11. कम्प्यूटर सेवाओं के लिए किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा ।

12. भुगतान मासिक तौर पर महिना समाप्ति के बाद संतोषप्रद रूप से कार्य संपन्न किये जाने पर online payment किया जावेगा तथा कटौतियाँ यदि कोई हो तो उन्हें प्रभावित किया जावेगा तथा आगामी माह के बिल के साथ GST भुगतान प्रमाण पत्र मय चेलान/चालान प्रस्तुत करना होगा ।

13. समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो तो किसी भी प्रकार पक्षकार (संबंधित विभाग व ठेकेदार) द्वारा राजस्थान, जयपुर में स्थित न्यायालयों में ही पेश की जायगी, अन्य स्थान पर पेश नहीं की जायगी।
14. रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा, शनिवार को निर्देशानुसार कार्य करना होगा।
15. नियमानुसार आयकर की कटौती की जायेगी। संस्था को अपने पैन नं./टिन नं. एवं अन्य पंजीयन प्रमाण पत्रों की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करनी होगी।
16. संस्था को संजीवन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि व संविधान/उद्देश्य की प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।
17. अनुमोदित प्रदायक द्वारा ठेका श्रम विनियम एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 एवं श्रमिकों से सम्बंधित अन्य अधिनियमों/प्रावधानों की पालना की जायेगी।
18. अनुबंध प्रारंभ में 1 वर्ष की अवधि के लिए होगा एवं संतोषप्रद कार्य होने पर इसे RTPP के नियम 29 के अनुसार आगे बढ़ाया जायेगा साथ ही बोर्ड कार्यालय उपरोक्त अनुबंध को इस अवधि से पूर्व भी समाप्त कर सकता है।

एनेक्चर-एक

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में कम्प्यूटर मय ऑपरेटर (मय प्रिंट मशीन) उपलब्ध कराने की निविदा हेतु दरें एक वर्ष की अवधि (आदेश दिनांक से एक वर्ष)के लिए अनुमोदित कराने हेतु निविदा की आवश्यक शर्तें

1. निविदा प्रस्तुत करने वाले इच्छुक फर्म/ संस्था द्वारा तकनीकी व वित्तीय दोनों प्रपत्र भरना अनिवार्य है।

2. तकनीकी निविदा में धरोहर प्रतिभूति राशि 13000.00 (रुपये तेरह हजार मात्र) का जयपुर में भुगतान योग्य [illegible] बैंक/डिमाण्ड ड्राफ्ट "सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर" के नाम।

3 जी.एस.टी पंजीयन की प्रति तथा फर्म/संस्थान द्वारा गत [illegible] वित्तीय वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट्स एवं आयकर विभाग में प्रस्तुत रिटर्न की छायाप्रति ।

4 निविदाएं ऑन लाईन खोली जावेगी। इसलिए वित्तीय निविदा को छोड़कर शेष सभी दस्तावेज यथा तकनीकी निविदा, डी0डी0/बैंकर चैक एवं अन्य सभी संलग्नक की हार्ड कॉपी ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने से पूर्व दिनांक 11/09/20.. को सायं 3.00 बजे तक विभाग में जमा करवाये जाने होंगे ।

5 यथा निर्धारित दिनांक व समय पर, यथा सूचित स्थान/ कार्यालय में ऑन लाईन प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जावेगा। प्रक्रिया के तहत सर्व प्रथम तकनीकी निविदा को खोला जावेगा और वित्तीय निविदा सुरक्षित रखी जावेगी । इस हेतु गठित कमेटी/ सक्षम अधिकारी द्वारा तकनीकी निविदाओं का परीक्षण किया जावेगा।

6 निविदा दाता द्वारा तकनीकी निविदा में दी गई सूचनाओं के सत्यापन हेतु तकनीकी परीक्षण की प्रक्रिया में तकनीकी समिति निविदा दाता के व्यवसायिक ठिकाने व अन्य सम्बन्धित स्थानों पर जा कर भौतिक सत्यापन भी कर सकती है।

7 तकनीकी निविदाओं के परीक्षण तथा यदि आवश्यक हुआ तो प्रस्तुतिकरण, भौतिक सत्यापन आदि के बाद केवल उन निविदादाताओं की ही निविदा ऑन लाईन वित्तीय निविदा खोली जावेगी, जो कि तकनीकी निविदा परीक्षण/ प्रस्तुतिकरण में सफल/उपयुक्त पाये जावेंगे। असफल/अनुपयुक्त निविदादाताओं की ऑन लाईन वित्तीय निविदा नहीं खोली जावेगी।

8 निविदा में उल्लेखित शर्तों के अतिरिक्त अन्य कोई शर्त निविदादाता की स्वीकार नहीं होगी तथा बोर्ड कार्यालय को किसी भी निविदा को (न्यूनतम दर वाली निविदा सहित) बिना किसी कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

9 वास्तविक निर्माताओं द्वारा निविदाएं :- निविदाएं मालों के वास्तविक निर्माताओं द्वारा ही दी जायेगी। अतः [illegible] एस आर प्रपत्र-11 में एक घोषणा प्रस्तुत करेंगे।

(1) फर्म के गठन आदि में किसी भी परिवर्तन की सूचना क्रेता अधिकारी को लिखित में ठेकेदार द्वारा दी जावेगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से, फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नहीं किया जाएगा।

(2) संविदा के सम्बन्ध में फर्म में किसी भी नए भागीदार/ भागीदारों को ठेकेदार द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक वह इनकी समस्त शर्तों को मानने के लिए बाध्य नहीं हो जाते एवं क्रेता अधिकारी को इस सम्बन्ध में लिखित इकरार नामा प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप में स्वीकार की गई किसी भागीदारी की रसीद इन सब को बाध्य करेगी।

10 जी एस टी पंजीयन:- कोई भी डीलर यदि उस राज्य में, प्रचलित जहाँ उसका व्यवसाय स्थित है, जी एस टी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं है तो वह निविदा नहीं देगा तथा जी एस टी पंजीयत संख्या का उल्लेख किया जाना आवश्यक है ।

11 दरें गन्तव्य स्थान पर एफ. ओ.आर. उद्धत की जानी चाहिए तथा उसमें सभी आनुषंगिक प्रभारों को शामिल करना चाहिए किन्तु चुंगी, केन्द्रीय/ जी एस टी को शामिल न करके उन्हें अलग से दिखाया जाना चाहिए। स्थानीय पदार्थों के मामले में दरों में [illegible] करों आदि को शामिल करना चाहिए तथा किसी माल भाड़े (अदेय) या परिवहन प्रभारों का सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया जाएगा तथा माल की सुपुर्दगी क्रेता अधिकारी के परिसरों पर दी जाएगी। खरीदे जाने वाले माल कार्यालयों के उपयोग के लिए होते हैं, इसलिए इन पर चुंगी का भुगतान नहीं किया जाता है अतः इन दरों में चुंगी एवं स्थानीय करों आदि को शामिल नहीं करना चाहिए। यदि खरीदे जाने वाले माल पुनः विक्रय करने के लिए या विक्री हेतु किसी माल के विनिर्माण के रूप में उपयोग में लेने के लिए है, तो उन दरों में चुंगी एवं स्थानीय करों को शामिल किया जायेगा [illegible] आदेश में [illegible] जाएगा।

12 मूल्य अधिमान :- (मूल्य अधिमान/ अधिमान, राजस्थान के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों को राजस्थान के बाहर के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों पर [illegible] एवं राजस्थान के उद्योगों का अधिमान) नियम, 1995 के अनुसार दिया जायेगा।

13 अनुमोदित प्रदायकर्ता के लिए यह समझा जाएगा कि उसने प्रदाय किये जाने वाले माल की शर्तों, विनिर्देशों, आकार मेक एवं रेखाचित्रों आदि की सावधानीपूर्वक जांच कर ली हो यदि उसे इन शर्तों, विनिर्देशों, रेखाचित्र आदि के किसी भाग के आशय के बारे में कोई सन्देह हो, तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, क्रेता अधिकारी को भेजेगा तथा उससे स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।

14 ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी को नहीं सौंपेगा या उप-भाड़ (सब लेट) पर नहीं देगा।

15 विनिर्देश :- (1) प्रदाय की गई सभी वस्तुएं निविदा में निर्धारित विनिर्देश, ट्रेडमार्क के पूर्णतया अनुरूप होंगी जहां पर वस्तुओं की आई एस आई विनिर्देश के अनुसार अपेक्षा की गई हो, वहां इन मदों को पूर्णरूप से उन विनिर्देशों के अनुरूप होना चाहिये तथा उन पर मार्क होना चाहिए। प्रदाय की गई वस्तु सर्वोत्तम पैकिंग की होनी चाहिये। यदि किसी वस्तु के भाग कम्पनी द्वारा कोई प्रति आइटम दिया जा रहा है तो वह आईटम भी वस्तु के साथ देना होगा।

(2) व्यापार चिन्ह से अंकित/ अंक संख्या पर अंकित वस्तुओं का प्रदाय, अन्य बातों के साथ, अनुमोदित नमूनों के ठीक अनुरूप होगा तथा अन्य सामग्रियों के मामलों में जहां कोई मानकीकृत या अनुमोदित दर न हो, वहां सर्वोत्तम गुणवत्ता एवं किस्म की वस्तु का प्रदाय किया जायेगा। क्रेता अधिकारी/ क्रेता समिति का इस सम्बन्ध में कि क्या प्रदाय की गयी वस्तुएं विनिर्देशों के अनुरूप हैं तथा क्या वे नमूनों, यदि कोई हो, के अनुसार हैं, किया गया निर्णय अंतिम एवं निविदादाताओं के लिए बाध्यकारी होगा।

(3) वारंटी/गारंटी खण्ड:- निविदादाता यह गारंटी देगा कि माल/सामान/वस्तुएं खरीदे जाने वाले उक्त माल/ सामान/ वस्तुओं की सुपुर्दगी के दिनांक से .... दिनों/माहों की अवधि तक यथा विनिर्दिष्ट विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप बनी रहेंगी तथा इस तथ्य के बावजूद कि क्रेता ने उक्त मालों/सामानों/वस्तुओं का निरीक्षण कर लिया है एवं उन्हें अनुमोदित कर दिया है यदि ...... दिनों/माहों की उक्त अवधि में उक्त मालों/सामानों वस्तुओं को उपरोक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया या वे असमाप्त हो गए हैं (तथा इस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अन्तिम व निर्णायक होगा), तो क्रेता उक्त मालों/सामानों/वस्तुओं को या उनके उस भाग को जो उक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया जाए रद्द करने का हकदार होगा। ऐसे रद्द किये जाने पर माल/सामान/वस्तुएं विक्रेता की जोखिम पर होंगी तथा माल आदि को रद्द करने पर सम्बन्धित समस्त उपबंध लागू होंगे। निविदादाता यदि उसे ऐसा करने के लिये कहा जाय तो वह उस माल आदि को या उसके भाग को जिसे क्रेता अधिकारी द्वारा रद्द कर दिया गया है, बदल देगा, अन्यथा निविदादाता ऐसी नुकसानी के लिए भुगतान करेगा जो उसके द्वारा की गई शर्त के उल्लंघन के कारण उत्पन्न होगी। इसमें दी गई कोई भी बात इस संविदा के अधीन या अन्यथा उस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी के किसी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी।

(4) मशीनों एवं उपकरणों के मामले में भी उक्त खण्ड (iii) में उल्लेखित किए गए अनुसार गारंटी दी जा एगी तथा निविदादाता गारंटीकृत अवधि में पुर्जों, यदि कोई हों, को बदलेगा और किसी भी विनिर्माण की कमी को दूर करेगा यदि उक्त अवधि में वैसा पाया जाए, ताकि मशीन एवं उपकरण ठीक काम कर सकें। निविदादाता मशीनों एवं उपकरणों को उस स्थिति में भी बदलेगा यदि वे ऐसे दोषपूर्ण पाये जाएं कि विनिर्माण की त्रुटि आदि के कारण उन्हें काम में नहीं लिया जा सकता हो।

(5) क्रेता अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट मशीन एवं उपकरण के मामले में निविदादाता एसे निर्बंधनों और शर्तों पर जो उनके बीच स्वीकार की जाएं, आवधिक रख-रखाव (मेंटीनेंस) एवं मरम्मत के लिए उत्तरदायी होगा। निविदादाता किसी विशिष्ट प्रकार की मशीनरी के लिए आवश्यक स्पेयर पार्टस एवं उपकरणों का नियमित समुचित प्रदाय करने के लिए भी, चाहे आवधिक रखरखाव व मरम्मत की दर संविदा के अधीन या अन्यथा उत्तरदायी होगा। मॉडल में परिवर्तन के मामले में, वह क्रेता अधिकारी को पर्याप्त समय पूर्व सूचना देगा जो अपनी मशीनों एवं उपकरणों को पूर्ण रूप से कार्यकारी दशा में रखने के लिए उनसे स्पेयर पार्टस खरीद सकेगा।

16 निरीक्षण :- (क) क्रेता अधिकारी या उसका विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि, सभी युक्तियुक्त समयों पर प्रदायकर्ता के परिसर में जाएगा तथा उसे विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद, जैसा भी निश्चय किया जाए, सभी युक्तियुक्त समयों पर मालों/ उपकरणों/मशीनों की सामग्री एवं कारीगरी का निरीक्षण एवं जांच करने की शक्ति होगी।

17 निविदादाता या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना समर्थन करवाना एक प्रकार की अनर्हता (disqualification) होगी।

18 (i) सुपुर्दगी अवधि :- निविदादाता, जिनकी निविदा स्वीकार की जाए,......... द्वारा प्रदाय आदेश जारी की तारीख से 20 दिवस की अवधि के भीतर निम्न प्रकार सामग्री का प्रदाय करने की व्यवस्था करेगा :-

क्रम संख्या	मद	मात्रा	सुपुर्दगी अवधि 20 दिवस

(ii) अतिरिक्त मदों या अतिरिक्त परिमाणों के लिए पुनरादेश, यदि यह बोली दस्तावेजों में अपेक्षित हो, संविदा में दी गयी दरों और शर्तों पर दिये जा सकेंगे यदि मूल आदेश खुली प्रतियोगी बोलियां आमंत्रित करने के पश्चात् दिया गया था। प्रदाय या पूर्ण करने की कालावधि भी आनुपातिक रूप से बढ़ायी जा सकेगी। पुनरादेश की सीमाएं निम्नलिखित होंगी :-

(क) संकर्मों की दशा में व्यष्टिक मदों की मात्रा का 50 प्रतिशत और मूल संविदा के मूल्य का 50 प्रतिशत, और

(ख) मूल संविदा के माल या सेवाओं के मूल्य का 50 प्रतिशत।

(iii) यदि क्रेता अधिकारी किन्हीं निविदत्त वस्तुओं को खरीद नहीं करता है या निविदा प्रपत्र में विनिर्दिष्ट मात्रा से कम मात्रा में माल खरीदता है, तो निविदादाता किसी क्षतिपूर्ति का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

19 बोली प्रतिभूति राशि (अर्नेस्ट मनी) :-राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम-2013 के नियम-42 के तहत बोली प्रतिभूति राशि निम्नानुसार देय होगी-

(क) निविदा के साथ की बोली प्रतिभूति राशि प्रस्तुत की जाएगी। उसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। यह राशि सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के पक्ष में निम्नलिखित में से किसी रूप में जमा करायी जानी चाहिए:-

(i) बैंकर चैक या डिमाण्ड ड्राफ्ट या अनुसूचित बैंक के विनिर्दिष्ट रूप विधान में बैंक गारन्टी या सरकारी विभागों की दशा में ईजीआरएएस के माध्यम से जमा के रूप में दी जा सकेगी।

(ii) शिड्यूल बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक

(ख) बोली प्रतिभूति राशि का प्रतिदाय:- असफल निविदादाता की बोली प्रतिभूति राशि को अन्तिम रूप से स्वीकार करने के बाद यथाशक्य शीघ्र लौटायी जाएगी।

(ग)(बोली प्रतिभूति राशि से आंशिक छूट :- उन फर्मों को जो निदेशक, उद्योग विभाग, राजस्थान के पास पंजीकृत हैं, उन मदों के सम्बन्ध में, जिनके लिए वे उक्त रूप से रजिस्टर्ड की गई है, उनके द्वारा मूल पंजीयन प्रमाण-पत्र या उसकी फोटो स्टेट प्रति या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर निविदायें आमंत्रित करने की सूचना में दिखाये गये निविदा के अनुमानित मूल्य के 0.25 प्रतिशत दर पर बोली प्रतिभूति जमा करानी होगी।

(घ) बोली प्रतिभूति के स्थान पर, बोली प्रतिभूति घोषणा राज्य सरकार के विभागों और सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रित या प्रबंधित उपक्रमों निगमों, स्वायत्त निकायों, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों और केन्द्रीय सरकार या राजस्थान सरकार के सरकारी उपक्रम और कम्पनियों से ली जायेगी।

(ङ) अनुमोदन की प्रतीक्षा करने वाली या रद्द की गई निविदाओं के सम्बन्ध में या संविदाओं के पूर्ण हो जाने के बाद विभाग/ कार्यालय के पास जमा बोली प्रतिभूति राशि/प्रतिभूति निक्षेप को नई निविदाओं के लिए बोली प्रतिभूति राशि/प्रतिभूति धन के प्रति समायोजित नहीं किया जाएगा। तथापि, यदि निविदाओं को पुनः आमंत्रित किया जाता है तो बोली प्रतिभूति राशि को उपयोग में लिया जा सकता है।

20 बोली प्रतिभूति राशि का समपहरण :- बोली प्रतिभूति राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहृत कर लिया जाएगा:-

(i) जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।

(ii) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को, यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता है।

(iii) जब निविदादाता प्रदायगी के लिए आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।

(iv) वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार माल का प्रदाय प्रारम्भ करने में असफल रहता है।

21 (1) करार एवं प्रतिभूति निक्षेप :- (i) सफल निविदादाता को आदेश के प्राप्त होने से 15 दिन की अवधि के भीतर करार पत्र निष्पादित करना होगा।

(ii) निविदा के समय जमा कराई गई बोली प्रतिभूति राशि को कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के लिए समायोजित किया जाएगा। प्रतिभूति की राशि किसी भी दशा में बोली प्रतिभूति राशि से कम की नहीं होगी।

(iii) प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जायेगा।

(2) प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण :- प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत किया जा सकेगा।

(क) जब संविदा के किन्हीं निबंधनों और शर्तों का उल्लंघन किया जाता।

(ख) जब निविदादाता सम्पूर्ण प्रदाय समाधानप्रद रूप से करने में असफल रहा हो।

(ग) प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

(3) करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने के व्यय का भुगतान निविदादाता द्वारा किया जायेगा तथा विभाग की उस करार की एक निष्पादित स्टाम्प शुदा प्रतिपत्र (Counter foil) निःशुल्क दी जाएगी।

22 (i) निविदा प्रपत्र में सुपुर्दगी के लिए विनिर्दिष्ट समय को संविदा के सार रूप में समझा जायेगा तथा सफल निविदादाता क्रेता अधिकारी से स्पष्ट आदेश के प्राप्त होने पर अवधि के भीतर प्रदाय करेगा।

(ii) परिसमापित नुकसानी :-परिसमापित नुकसानी के साथ सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में, वसूली निम्नलिखित प्रतिशतता के आधार पर उन सामानों के मूल्यों के लिए की जाएगी जिनका निविदादाता प्रदाय करने में असफल रहा है:- (इस संबंध में यदि कोई हों तो निविदा प्रपत्र में अंकित की गई शर्तें ही लागू होंगी।

(1)	(क)	विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए	2½%
	(ख)	एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि से अनधिक के लिए	5%
	(ग)	आधी अवधी से अधिक किन्तु विहित अवधि के तीन चौथाई से अनधिक अवधि के लिए	7½%
	(घ)	विहित अवधी की तीन चौथाई से अधिक के विलम्ब के लिए	10%

(2) प्रदाय में विलम्ब की अवधि की गणना करते समय आधे दिन से कम भाग को छोड़ दिया जाएगा।

(3) परिसमापित नुकसानी की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी।

(4) यदि प्रदायकर्ता किन्हीं बाधाओं के कारण संविदान्तर्गत माल का प्रदाय पूरा करने के लिए समय में वृद्धि करना चाहता है तो, वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा जिसने प्रदायगी हेतु आदेश दिया गया हो। किन्तु वह उसके लिए आवेदन बाधा के घटित होने पर तुरन्त उसी समय करेगा न कि प्रदाय पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद करेगा।

(5) यदि माल का प्रदाय करने में उत्पन्न हुई बाधा निविदादाता के नियन्त्रण से परे कारणों से हुई हो तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि परिसमापित नुकसानी सहित या रहित की जा सकेगी।

(6) वसूलियां :- परिसमापित नुकसानी, कम प्रदाय, टूट-फूट रद्द की गई वस्तुओं के लिए वसूली साधारण रूप से बिल में से की जाएगी। प्रदायकर्ता कम प्रदाय, टूट-फूट रद्द किए गए मालों की सीमा तक राशि को भी रोका जा सकेगा तथा यदि प्रदायकर्ता सन्तोषजनक ढंग से उनको नहीं बदलता है तो परिसमापित नुकसानी के साथ पूरी उसकी देय राशि (dues) ऐसे विभाग के पास उपलब्ध कार्य सम्पादन प्रतिभूति से की जाएगी। यदि वसूली करना सम्भव न हो तो राजस्थान पी.डी.आर. एक्ट या प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी।

23 निविदादाताओं को यदि आवश्यक हो तो आयात लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अपनी स्वयं की व्यवस्था करनी चाहिए।

24 यदि निविदादाता ऐसी शर्त आरोपित करता है जो उसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त या उनके विरोध में है, तो उसकी निविदा को संक्षिप्त रूप में कार्यवाही कर रद्द कर दिया जायेगा। किसी भी दशा में उनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नहीं समझा जायेगा जब तक कि क्रेता अधिकारी द्वारा जारी किए गए निविदा स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो।

25 क्रेता अधिकारी किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार करने बिना कोई कारण बतलाये किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन वस्तुओं के लिए निविदादाता ने निविदा दी है, उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के लिए निविदा को स्वीकार करने या एक फर्म/प्रदायकर्ता से अधिक को सामान की मदों को वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखेगा।

26 निविदादाता करार को निष्पादित करते समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा :-

(i) यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख (पार्टनरशिप डीड) की एक अनुप्रमाणित प्रति।

(ii) यदि भागीदारी फर्म रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स के पास पंजीकृत हो तो पंजीयन संख्या एवं दिनांक आदि।

(iii) एक मात्र स्वामित्व के मामले में आवेदन सह घोषणा पत्र [illegible]

(i) कम्पनी के मामले में कम्पनी के रजिस्ट्रार के द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र।

27 यदि संविदा के निर्वचन (Interpretation), अर्थ या संविदा की शर्तों के [illegible] में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो पक्षकारों द्वारा मामले को निपटारे के लिए [illegible] (आर्बिट्रेटर) के रूप म

अपने वरिष्ठतम उपअधिकारियों की नियुक्ति करेगा। वे उस अधिकारी द्वारा संविदा से सबद्ध नहीं होगा, तब उसका निर्णय अन्तिम होगा।

28 समस्त विधिक कार्यवाहियां, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, किसी भी पक्षकार(सरकार या ठेकेदार) द्वारा जयपुर में स्थित न्यायालयों में ही की जाएगी, अन्यत्र नहीं की जाएगी।

29 उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त जहाँ आवश्यक हो सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 व नियम-2013 के प्रावधान लागू होंगे।

निविदा दाता का नाम मय हस्ताक्षर एवं मोहर	
दिनांक	
निविदादाता/संस्था का नाम एवं फर्म की मोहर	
संस्था की स्थिति में हस्ताक्षर करने वाले का नाम व पदनाम एवं प्रमाणित हस्ताक्षर	
फोन नं. मोबाईल नं.	

एनेक्चर-जी

सचिव,
राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

विषय :- निविदा प्रस्तुत करने बाबत ।

महोदय,

ई-निविदा सूचना के क्रम में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में कम्प्यूटर मय ऑपरेटर (मय प्रिंट मशीन) उपलब्ध कराने के लिए दरों के अनुमोदन हेतु अपने अनुबंध (एफ) के साथ इस टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने, दरों का वित्तीय निविदा प्रपत्र में उल्लेख किया है, जबकि

1. निम्नलिखित दस्तावेज जमा फीस आदि जमा कराये जाने के सबूत के संबंध में प्रस्तुत किये जा रहे है

क्र0सं0	विवरण	नम्बर	दिनांक	बैंक
1.	निविदा शुल्क रु. 400/- डीडी / बैंकर्स चैक (सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से बना हो और जयपुर में देय हो)			
2.	RISL प्रसंस्करण शुल्क रु. 500/- डीडी / बैंकर्स चैक (प्रबन्ध निदेशक RISL, के नाम से बना हो जो जयपुर में देय हो)			
3.	बोली प्रतिभूति राशि रु. 13,000/- डीडी / बैंकर्स चैक (सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से बना हो, और जयपुर में देय हो)			

2. अनुबंध की अवधि के प्रभावी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए किया जाएगा.
3. मैं/हम तकनीकी और वित्तीय बोली का मूल्यांकन विभाग द्वारा जिस भी प्रक्रिया से किया जायेगा उसके लिए बाध्य होंगे.
4. इस निविदा को स्वीकार किया जाना चाहिए, मैं/हम एतद्द्वारा (एनेक्चर-ए से आई तक) के साथ ही निविदा मेरे द्वारा संलग्नित नियमों और शर्तों का पालन करने पर सहमत है. मैं/हम मेरे/हमारी ओर से कोई अतिरिक्त शर्त नहीं लगा रहे है.
5. मेरे द्वारा संलग्न सभी दस्तावेज सही/सत्य है असत्य पाये जाने पर विभाग कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है।
6. हमारे बारे में अन्य आवश्यक विवरण तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिया गया है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर	
हस्ताक्षरकर्ता का नाम	
स्थिति / हस्ताक्षरकर्ता के पोस्ट	
फर्म / एजेंसी का नाम	
दिनांक	

एनेक्सर-एच

'Financial Tender Form'

Tender Document for

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में कम्प्यूटर मय ऑपरेटर (मैन विद मशीन) उपलब्ध कराने बाबत निविदा।

Tender Inviting Authority: SECRETARY, Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur, Rajasthan

Name of Work : राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में कम्प्यूटर मय ऑपरेटर (मैन विद मशीन) उपलब्ध कराने बाबत निविदा।

Bidder Name :

SCHEDULE OF WORKS

S.No	Name of Item	Remuneration due to workers, which will not be less than the prevailing minimum wage rate.				EPF Rate Percentage	ESI Rate Percentage	Material Amount / Equipment Rental	Service Charge Amount	Total Amount
		Labor grade	Minimum wage rate	Number of workers	amount					
1	2	3		4	5	6	7	8	9	10
1	10 कम्प्यूटर मय ऑपरेटर (मैन विद मशीन)	उच्च कुशल (कम्प्यूटर मय ऑपरेटर)	7774	10	77740	13.00 % (नियोक्ता)	3.25 % (नियोक्ता)			

NOTE:- RATE SHOULD BE QUOTED IN BOQ ONLY.

1. निविदादाता के हस्ताक्षर
2. निविदादाता का नाम
3. डाक का पता
4. टेलीफोन नं. (दुकान)

स्थान

दिनांक